# सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय
## सांपला (रोहतक)

# वार्षिक रिपोर्ट

# 2023-2024

"ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः"

# प्राचार्या संदेश



प्रिय छात्राओं,

कॉलेज एक परिवर्तनकारी अनुभव है जो आपके भविष्य को आकार देता है। यह आपके जुनून का पता लगाने, अपनी ताकतों की खोज करने और सफलता की दिशा में अपना रास्ता तय करने का समय देता है। कॉलेज की इन दीवारों के भीतर, आपको छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों का एक विविध समुदाय मिलता है जो आपकी सफलता के लिए समर्पित रहता है। हमारे संकाय सदस्य अपने क्षेत्रों में प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं, और वे आपको विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने सामने मौजूद अवसरों को स्वीकारें, नए अनुभवों के लिए तैयार रहें और जोखिम लेने का साहस रखें। याद रखें कि सफलता केवल ग्रेड या उपलब्धियों से नहीं मापी जाती, बल्कि सीखे गए सबक, बनाए गए रिश्तों और आपके व्यक्तिगत विकास से मापी जाती है। आपके प्राचार्या के रूप में, मैं आपकी सफलता और भलाई के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैं आप सभी को एक यादगार और संतुष्टिदायक भविष्य की शुभकामनाएं देती हूँ और ऐसी आशा करती हूँ कि आपकी कॉलेज यात्रा विकास, आत्म-खोज और असाधारण उपलब्धियों में से एक रहे।

छात्रों के समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य के साथ महाविद्यालय ने इस वर्ष शैक्षणिक, पाठ्येतर गतिविधियों और एथलेटिक्स में कई उल्लेखनीय सफलताएँ हासिल की हैं। मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की उपलब्धियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ।

**डॉ संतोष हुड्डा**

# सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय: एक संक्षिप्त परिचय

रोहतक जिले के ग्रामीण आंचल में रहने वाली लडकियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सांपला खंड में हरियाणा सरकार ने 19 सितंबर 2000 को सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय की नींव रखी तथा ग्रामीण परिवेश की लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का मौका देकर इस इलाके को कृतार्थ किया। इस महाविद्यालय का प्रथम सत्र 31 अक्टूबर 2000 से प्रारंभ हुआ। यह महाविद्यालय किसान, निर्धन व पिछड़े वर्ग के मसीहा सर छोटूराम की पावन जन्मभूमि गढ़ी सांपला में स्थित है तथा इस खंड के गांव की लड़कियों के बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक विकास की दिशा में महाविद्यालय महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह महाविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 से डीघल जाने वाले मार्ग पर, पी.डब्ल्यू.डी. के रेस्ट हाउस के पास 15 एकड़ के परिसर में फैला हुआ है। महाविद्यालय के प्रारंभिक सत्र में 34 छात्राओं के प्रवेश से लेकर निरंतर बढ़ोतरी करते हुए आज वर्तमान में छात्राओं की संख्या 1350 होना यह उद्घाटित करता है कि महिलाओं की उच्च शिक्षा तक पहुँच बनाने की हरियाणा सरकार की मनसा को पूर्ण करने में यह महाविद्यालय अग्रणी रहा है और सांपला खंड में स्थित गांव की लड़कियों की उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अभिलाषा को पूर्ण कर रहा है। इस महाविद्यालय से कला, वाणिज्य, विज्ञान व ऑनर्स (इतिहास) में स्नातक और इतिहास व हिंदी विषय में स्नातकोतर की डिग्री अर्जित कर सकते हैं।



# महाविद्यालय स्टाफ

**प्राचार्या :** डॉ संतोष हुड्डा (HES-I)

**रेगुलर टीचिंग स्टाफ**

| **क्रमांक** | **नाम** | **पद** | **विभाग** |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ चंद्र शेखर | एसोसिएट प्रोफेसर | इतिहास |
| 2. | श्री राम निवास | एसोसिएट प्रोफेसर | इतिहास |
| 3. | डॉ सुनील चौहान | एसोसिएट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 4. | डॉ मांगेराम | एसोसिएट प्रोफेसर | फिजिकल एजुकेशन |
| 5. | डॉ पदमा दलाल | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 6. | श्री सतीश कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर | गणित |
| 7. | डॉ अनिल कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | गणित |
| 8. | डॉ प्रीतम श्योराण | असिस्टेंट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 9. | डॉ. रितु | असिस्टेंट प्रोफेसर | कॉमर्स |
| 10. | मिस ममता | असिस्टेंट प्रोफेसर | कॉमर्स |
| 11. | श्री कृष्ण कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 12. | श्रीमती मोनिका | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 13. | श्रीमती सीमा रंगा | असिस्टेंट प्रोफेसर | रसायन विज्ञान |
| 14. | डॉ मीनाक्षी | असिस्टेंट प्रोफेसर | गणित |
| 15. | श्रीमती सपना | असिस्टेंट प्रोफेसर | राजनीति विज्ञान |
| 16. | श्री सुरेन्द्र | असिस्टेंट प्रोफेसर | इतिहास |
| 17. | डॉ प्रीति | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 18. | डॉ रितु | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 19. | डॉ सुप्रिया ढुल | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 20. | डॉ सविता हुड्डा | असिस्टेंट प्रोफेसर | हिंदी |
| 21. | श्रीमती अनीता | असिस्टेंट प्रोफेसर | हिंदी |
| 22. | डॉ पूनम (प्रतिनियुक्ति) | एसोसिएट प्रोफेसर | अर्थशास्त्र |

**एक्सटेंशन टीचिंग स्टाफ**

| **क्रमांक** | **नाम** | **पद** | **विभाग** |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ रेखा | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| 2. | डॉ रश्मि | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | श्रीमती पंकज | एक्सटेंशन लेक्चरर | अंग्रेजी |
| 4. | डॉ इंदु बाला | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 5. | डॉ नीतू कुमारी | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 6. | डॉ यशवंती | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 7. | डॉ पूनम | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 8. | श्री सतेंद्र | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 9. | डॉ जगबीर | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 10. | श्रीमती नीलम | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 11. | डॉ संगीता | एक्सटेंशन लेक्चरर | इतिहास |
| 12. | डॉ मीना कुमारी | एक्सटेंशन लेक्चरर | राजनीति विज्ञान |
| 13. | श्री सुरेश | एक्सटेंशन लेक्चरर | कॉमर्स |
| 14. | डॉ परमजीत | एक्सटेंशन लेक्चरर | भौतिकी |
| 15. | श्री जसविंद्र | एक्सटेंशन लेक्चरर | भौतिकी |

**नॉन टीचिंग स्टाफ**

| **कार्यालय स्टाफ** | | |
|---|---|---|
| **क्रमांक** | **नाम** | **पद** |
| 1. | श्रीमती संतोष ग्रेवाल | डिप्टी सुपरीटेन्डेन्ट |
| 2. | श्री अशोक कुमार | असिस्टेंट |
| 3. | श्री विनोद | क्लर्क |
| 4. | मिस मोनिका | क्लर्क |
| 5. | श्री नितेश | क्लर्क |
| 6. | श्री धर्मवीर | चपरासी |
| 7. | श्री सुधीर | चपरासी |
| 8. | श्रीमती सुदेश | चपरासी |
| 9. | श्री अनिल कुमार | माली |
| 10. | श्री मंजीत कुमार | माली |
| 11. | श्री राजपाल | चौकीदार |
| 12. | श्रीमती सरस्वती | स्वीपर |

| **लैब/टेक्निकल स्टाफ** | | |
|---|---|---|
| **क्रमांक** | **नाम** | **पद** |
| 1. | श्रीमती सुशीला | जेएलए |
| 2. | श्री गुरदीप | एलए |
| 3. | श्री परविंद्र | एलए |
| 4. | श्री अली मोहन | एलए |
| 5. | श्री आनंद | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 6. | श्रीमती प्रियंका | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 7. | श्री रवि | कंप्यूटर एलए |

| **लाइब्रेरी स्टाफ** | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सोनू शर्मा | जूनियर लाइब्रेरियन |
| 2. | श्री राजेश दलाल | लाइब्रेरी अटेंडेंट |

# विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम

## विषम सेमेस्टर (2022-2023)

| क्रम संख्या | कक्षा | कुल विधार्थी | पास विधार्थी | फेल विधार्थी | कॉलेज पास % | विश्वविद्यालय पास % | अंतर % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम | 354 | 199 | 155 | 56.21 | 36.51 | 19.70 |
| 2. | बी.ए. द्वितीय | 312 | 134 | 178 | 42.95 | 37.31 | 5.63 |
| 3. | बी.ए. तृतीय | 284 | 167 | 117 | 58.80 | 52.34 | 6.46 |
| 4. | बी.कॉम. प्रथम | 25 | 08 | 17 | 32 | 21.37 | 10.63 |
| 5. | बी.कॉम. द्वितीय | 13 | 2 | 11 | 15.38 | 37.98 | -22.60 |
| 6. | बी.कॉम. तृतीय | 18 | 15 | 3 | 83.33 | 54.11 | 29.22 |
| 7. | बी.एससी. प्रथम | 25 | 15 | 10 | 60 | 40.62 | 19.38 |
| 8. | बी.एससी. द्वितीय | 38 | 35 | 3 | 92.10 | 53.39 | 38.71 |
| 9. | बी.एससी. तृतीय | 25 | 12 | 13 | 48 | 68.56 | 20.56 |
| 10. | बी.ए. (इतिहास आनर्स) प्रथम | 40 | 12 | 28 | 30 | 31.65 | -1.65 |
| 11. | बी.ए. (इतिहास आनर्स) द्वितीय | 27 | 15 | 12 | 55.55 | 47.37 | 8.18 |
| 12. | एम.ए.(प्री) हिंदी | 60 | 54 | 6 | 90 | 71.94 | 18.06 |
| 13. | एम.ए.(फा) हिंदी | 37 | 29 | 8 | 78.37 | 72.06 | 6.31 |
| 14. | एम.ए.(प्री) इतिहास | 59 | 43 | 16 | 72.88 | - | - |
| 15. | एम.ए.(फा) इतिहास | 40 | 29 | 11 | 72.50 | - | - |

# विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम

## सम सेमेस्टर (2022-2023)

| क्रम संख्या | कक्षा | कुल विधार्थी | पास विधार्थी | फेल विधार्थी | कॉलेज पास % | विश्वविद्यालय पास % | अंतर % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम | 354 | 265 | 89 | 74.85 | 37.85 | 37 |
| 2. | बी.ए. द्‌वितीय | 312 | 153 | 159 | 49 | 43.69 | 5.31 |
| 3. | बी.ए. तृतीय | 283 | 247 | 36 | 87.28 | 62.93 | 24.35 |
| 4. | बी.कॉम. प्रथम | 24 | 4 | 20 | 16.67 | 22.24 | -5.57 |
| 5. | बी.कॉम. द्‌वितीय | 13 | 6 | 7 | 46.15 | 48.58 | -2.43 |
| 6. | बी.कॉम. तृतीय | 18 | 13 | 5 | 72.22 | 62.73 | 9.49 |
| 7. | बी.एससी. प्रथम | 25 | 14 | 11 | 56 | 44.56 | 11.44 |
| 8. | बी.एससी. द्‌वितीय | 38 | 26 | 12 | 68.42 | 58.68 | 9.74 |
| 9. | बी.एससी. तृतीय | 25 | 23 | 2 | 92 | 79.97 | 12.03 |
| 10. | बी.ए. (इतिहास आनर्स) प्रथम | 40 | 11 | 29 | 27.50 | 43.95 | -16.45 |
| 11. | बी.ए. (इतिहास आनर्स) द्‌वितीय | 27 | 10 | 17 | 37.04 | 37.59 | -0.55 |
| 12. | एम.ए.(प्री) हिंदी | 60 | 51 | 9 | 85 | 79.69 | 5.31 |
| 13. | एम.ए.(फा) हिंदी | 37 | 36 | 1 | 97.29 | 91.92 | 6 |
| 14. | एम.ए.(प्री) इतिहास | 59 | 38 | 21 | 64.41 | 64.40 | -0.01 |
| 15. | एम.ए.(फा) इतिहास | 41 | 32 | 9 | 78.05 | 52.38 | 25.67 |

# शैक्षणिक क्षेत्र में विश्वविद्यालय पोजीशन धारक

## विषम सेमेस्टर (2022-23)

| प्रोग्राम | विधार्थी का नाम | पिता का नाम | अनुक्रमांक | मार्क्स % | पोजीशन |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. (इतिहास आनर्स) प्रथम | तनिषा | प्रदीप कुमार | 5028946 | 68 | चौदहवीं |
| | मनीषा | जय सिंह | 5028923 | 66 | सोलहवीं |
| बी.ए. (इतिहास आनर्स) द्‌वितीय | अंजलि | अमरजीत | 5052343 | 70.67 | सोलहवीं |
| | प्रीती | सुरेंदर | 5052360 | 69 | अठारहवीं |
| बी.ए. द्‌वितीय | वर्षा | सत्यवान | 5073327 | 82.75 | सोलहवीं |
| बी.ए. तृतीय | राखी देवी | फूल सिंह | 5130977 | 83.25 | आठवीं |
| | तनुज | जयदीप कुमार | 5131069 | 81.50 | चौदहवीं |
| | अन्नू | दयाचंद | 5130822 | 80.00 | बीसवीं |
| एम.ए.(प्री) हिंदी | प्रियंका | सोमबीर | 6035151 | 72.60 | बीसवीं |
| एम.ए.(फा) हिंदी | सुमन | रामकिशन | 6056644 | 72.50 | उन्नीसवीं |
| एम.ए.(प्री) इतिहास | निधि | रमेश | 6037579 | 68.50 | बारहवीं |
| | अंजू | रणबीर सिंह | 6037555 | 66.67 | बीसवीं |
| एम.ए.(फा) इतिहास | भारती | सुरेश कुमार | 6058966 | 76.33 | तीसरी |
| | इशिका | जितेंदर | 6058967 | 76.17 | चौथी |
| | सोफी | बिजेंदर | 6058998 | 75.50 | पांचवीं |
| | परवीन | रमेश कुमार | 6058982 | 74.33 | दसवीं |
| | अंकिता | नरेश कुमार | 6059824 | 73.67 | तेरहवीं |
| | सीमा | नहनु | 6058993 | 72.83 | पंद्रहवीं |
| | नेहा रानी | रिजकराम | 6058975 | 72.17 | अठारहवीं |
| | पूजा गिल | धर्मबीर गिल | 6058980 | 71.83 | बीसवीं |
| | तन्नु | जितेंदर कुमार | 6058999 | 71.83 | बीसवीं |

# शैक्षणिक क्षेत्र में विश्वविद्यालय पोजीशन धारक

### सम सेमेस्टर (2022-23)

| प्रोग्राम | विधार्थी का नाम | पिता का नाम | अनुक्रमांक | मार्क्स % | पोजीशन |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. (इतिहास आनर्स) प्रथम | तनिषा | प्रदीप कुमार | 1043536 | 73.50 | आठवीं |
| | प्रीती | नारायण | 1043520 | 68 | सोलहवीं |
| | मनीषा | जय सिंह | 1043513 | 66 | बीसवीं |
| बी.ए. (इतिहास आनर्स) द्वितीय | काजल | रणबीर | 1101180 | 67.33 | चौदहवीं |
| | अंजलि | अमरजीत | 1101171 | 60.00 | बीसवीं |
| बी.ए. प्रथम | बबीता | लाल भगवान् | 3116328 | 82.25 | बीसवीं |
| बी.ए. तृतीय | विनती | जितेंदर राठी | 1149041 | 82.21 | आठवीं |
| बी. कॉम. तृतीय | मुस्कान | राजवीर कुमार | 115528 | 78.97 | सोलहवीं |
| बी.एससी. द्वितीय | अन्नू | प्रदीप | 1072995 | 88.40 | बारहवीं |
| | ज्योति | सुरेश | 1073001 | 88.20 | तेरहवीं |
| | तन्नु | सतपाल | 1073026 | 87.00 | अठारहवीं |
| एम.ए.(फा) हिंदी | तनुज | जगत सिंह | 3053556 | 74.22 | बीसवीं |
| एम.ए.(प्री) इतिहास | अंजू | रणबीर सिंह | 3034745 | 73.23 | छठी |
| | मनीषा | कहर सिंह | 3034762 | 73.08 | सातवीं |
| | मोनिका | संत कुमार | 3034766 | 72.62 | नौवीं |
| | तनु | रामभज | 3034798 | 70.00 | अठारहवीं |
| | दीक्षा | सुरेंदर | 3034747 | 69.54 | उन्नीसवीं |
| एम.ए.(फा) इतिहास | भारती | सुरेश कुमार | 3055996 | 71.70 | ग्यारहवीं |
| | पूजा | विनोद | 3056007 | 71.70 | ग्यारहवीं |
| | सोफी | बिजेंदर | 3056028 | 71.19 | चौदहवीं |
| | पवन कुमारी | रमेश कुमार | 3056012 | 70.81 | सत्रहवीं |

## महाविद्यालय टॉपर



विनती (बी.ए.) - 82.20%



मुस्कान (बी.कॉम.) - 78.97%



खुशबू (बी.एससी.) - 82.06%



भारती (एम.ए.(इतिहास)) - 71.70%



तनुज (एम.ए.(हिंदी)) - 74.22%



पूजा (एम.ए.(इतिहास)) - 71.70%

# सरकारी अनुदान

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग (पंचकुला) के माध्यम से हरियाणा सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए महाविद्यालय को कुल राशि 413284 रुपये सरकारी अनुदान के रूप में विभिन्न मदों में अलॉट हुई जिसमें से कुल राशि 360350 रुपये **डॉ चंद्रशेखर, वित अनुदेशक** की देखरेख में महाविद्यालय द्वारा खर्च की गई ।

| क्रमांक | मद | अलॉट राशि | खर्च राशि | बकाया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लाइब्रेरी (म.&स.) | 200000 | 199424 | 576 |
| 2. | स्पोर्ट्स | 40000 | 39650 | 350 |
| 3. | Science Exhibition | 15000 | 15000 | 00 |
| 4. | HRD | 30000 | 30000 | 00 |
| 5. | Earn While You Learn | 40000 | 40000 | 00 |
| 6. | प्लेसमेंट सेल | 26000 | 18012 | 7988 |
| 7. | वीमेन सेल | 62284 | 18264 | 8000 |
| | **कुल** | **413284** | **360350** | **16914** |

# छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता

हरियाणा सरकार द्वारा योग्य और जरूरतमंद छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति व अन्य सहायता प्रदान की जाती है। इसी अनुपालना में वर्ष 2023-2024 के दौरान महाविद्यालय द्वारा श्रीमती सीमा रंगा, नोडल अधिकारी (स्कालरशिप) की देखरेख में निम्न विवरण अनुसार राशि छात्राओं को छात्रवृत्ति व अन्य सहायता के रूप में वितरित की गई ।

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति का नाम | लाभान्वित विधार्थियों की संख्या | छात्रवृत्ति की राशि वार्षिक (प्रति छात्र) |
|---|---|---|---|
| 1. | Consolidated Stipend Scheme for the Welfare of SC Pursuing Higher Education | 223 | 12000/- |
| 2. | Providing Books to SC Students of Govt. Colleges | 223 | 2000/- |
| 3. | Post Matric Scholarship for Welfare of Backward Class | 71 | 6000/- (Stipend)<br>2000/- (Books) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | Merit Scholarship to Under Graduate Girls Students | 12 | 3000/- |
| 5. | Haryana State Meritorious Incentive Scheme Scholarship | 02 | 5000/- (प्रथम)<br>3000/- (द्वितीय)<br>2000/- (तृतीय) |
| 6. | State Merit Scholarship for UG/PG girls | 02 | 5400/- |

# महाविद्यालय पुस्तकालय

पुस्तकालय शिक्षा व्यवस्था की रीड की हड्डी माना जाता है जिसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने ज्ञान की पिपासा को शांत कर सकता है। प्रत्येक राष्ट्र के सांस्कृतिक और ज्ञान-विज्ञान विकास के लिए पुस्तकालय की बहुत आवश्यकता है। इसी कड़ी में छात्राओं के लक्ष्य और पाठ्यक्रम की जरूरत को पूरा करने के लिए महाविद्यालय में पुस्तकालय की एक अहम भूमिका होती है और इसी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए हमारे पुस्तकालय में छात्राओं के पाठ्यक्रम व उनके उज्जवल भविष्य से संबंधित पुस्तकों की प्रचुरता है। यहां करीबन 9727 पुस्तकें हैं, जो महाविद्यालय की छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए पूर्णतया सक्षम बनाती हैं। महाविद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तकें Issue-Return का कार्य पूर्णतया ऑनलाइन/ स्वचालित है जो कि SOUL 3.0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित होता है। इस सत्र से महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी भी शुरू हो चुकी है जिसके अंतर्गत 6 हाईटैक कंप्यूटर आवश्यक फर्नीचर सहित उपलब्ध है। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से छात्राएँ अपनी पाठ्य सामग्री व ई- बुक किसी भी साइट से खोजकर डाऊनलोड कर सकते हैं। पुस्तकालय में जो पुस्तकें उपलब्ध हैं उनको खोजने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है जोकि छात्राओं का समय बचाने में साक्रिय भूमिका निभा रही है। पुस्तकालय द्वारा INFLIBNET UGC से 2 वर्ष के लिए N-LIST सब्सक्रिप्शन और एक वर्ष के लिए ब्रिटिश काउंसिल इंडिया व नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का सब्सक्रिप्शन लिया गया है। छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि व प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय स्तर की साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। पुस्तकालय में मासिक पत्रिकाएं जैसे- योजना, कुरुक्षेत्र, प्रतियोगिता दर्पण, CSR हिंदी व इंग्लिश दोनों भाषाओं में हैं, तथा एक मुख्य पत्रिका UGC -CARE LIST: Social Science उपलब्ध है और पुस्तकालय में स्टाफ और छात्राओं के लिए दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, पंजाब केसरी हरिभूमि, अमर उजाला, टाइम्स आफ इंडिया आदि अखबारों की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय के अंतर्गत दो अध्ययन कक्षों की स्थापना की गई है जिसका उद्देश्य छात्राओं व अध्यापकों को एकाग्रचित अध्ययन करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। एक समय पर पुस्तकालय में

150 छात्राएँ  अध्ययन कर सकती हैं। इसके अलावा पुस्तकालय सीसीटीवी कैमरा,  वाई-फाई, वाटर डिस्पेंसर आदि सुविधाओं  से लेस है। पुस्तकालय महाविद्यालय की छात्राओं व स्टाफ के लिए पहचान पत्र बनाने की सुविधा उपलब्ध करता है। पुस्तकालय प्रभारी श्री कृष्ण कुमार की देखरेख में पुस्तकालय का कार्य सोनू शर्मा, जूनियर लाइब्रेरियन और राजेश दलाल, पुस्तकालय सहायक के द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है।








# सूचना प्रौद्योगिकी सुविधा

डिजिटल इंडिया और विकसित भारत @ 2047 को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय में दो कंप्यूटर प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं, जिसमें 70 कंप्यूटर तथा इंटरनेट की सुविधा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही है। श्रीमती रितु दलाल इस प्रयोगशाला की नोडल अधिकारी हैं जिनकी देखरेख में दो कंप्यूटर अनुदेशक श्री आनंद एवं श्रीमती प्रियंका और एक लैब अटेंडेंट श्री रवि पूर्ण लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी से छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा नियमित रूप से दे रहे हैं। महाविद्यालय की दोनों कंप्यूटर लैब पूर्ण रूप से इंटरनेट, एयर कंडीशनर व पावर बैकअप की सुविधा से लैस हैं। कंप्यूटर लैब इंटरनेट, लीज लाइन और वाई-फाई सुविधा से सुसज्जित हैं और कंप्यूटरों की नेटवर्किंग की गई है। आज के इस वैज्ञानिक युग में कंप्यूटर की महत्ता को देखते हुए महाविद्यालय की बीए, बीकॉम एवं बीएससी की प्रथम वर्ष की सभी छात्राओं को  बेसिक कंप्यूटर की जानकारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक लैब में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के लिए एलसीडी प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है व व्यवहारिक कार्य को चलाने के लिए प्रयोगशालाओं का अच्छी तरह से रख-रखाव किया जाता है। महाविद्यालय में चार स्मार्ट क्लासरूम हैं जिनके माध्यम से छात्राओं को नवीनतम ICT संसाधनों व ऑनलाइन टीचिंग टूल्स का उपयोग करते हुए टीचिंग-लर्निंग को सुगम बनाया जाता है ।



*कंप्यूटर लैब में छात्राएं प्रोग्रामिंग करते हुए।*



*स्मार्ट क्लासरूम छात्राओं को पढ़ाते हुए।*

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

एनएसएस प्रभारी डॉ सविता हुड्डा की देखरेख में 14 जुलाई से 28 जुलाई 2023 तक वृक्षारोपण पखवाड़ा मनाया गया जिसमें तकरीबन 150 से 200 पौधे मंगवाए गए कुछ महाविद्यालय के प्रांगण में लगवाए गए और बाकी एनएसएस स्वयंसेविकाओं को वितरित किए गए ताकि वे

अपने घर व आस-पड़ोस में पौधे लगाएं व उनकी देखरेख करें।



*महाविद्यालय प्रांगण में पौधें लगाते हुए छात्राएं व स्टाफ*

2 सितंबर 2023 को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली गई जिसमें एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीण लोगों को नशे के बुरे प्रभाव के विषय में जानकारी दी। हरियाणा सरकार के आदेश की अनुपालना में दिनांक 15 सितंबर से 20 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की। 22 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए कलश यात्रा निकाली गई। 24 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में 55वां एनएसएस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, स्लोगन, पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 31 अक्टूबर 2023 को एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने एकता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली।



*मतदाता दिवस पर रैली के माध्यम से जागरूक करते हुए*

इसके अलावा वर्ष 2023-2024 के दौरान एक सात दिवसीय कैंप तथा तीन एकदिवसीय कैंप लगाए गए जिनमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, योगा-व्यायाम, जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व भोजन आदि का वितरण, स्वास्थ्य जाँच शिविर में बीपी, शुगर व बीपी आदि की निशुल्क जांच, जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल रही। 16 मार्च 2024 को कुलताना गांव में PHC इस्माईला के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें 100 से अधिक ग्रामवासियों को स्वास्थ्य जाँच के बाद निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। 20 मार्च 2024 को एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमें एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की और इसके अतिरिक्त पेड़-पौधों की निलाई व रंगाई का कार्य भी स्वयंसेविकाओं द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.)

महाविद्यालय में 54 एनसीसी कैडेटस की यूनिट हरियाणा कन्यावाहिनी के अंतर्गत आवंटित है। एनसीसी यूनिट का नेतृत्व लेफ्टिनेंट सपना के द्वारा किया जाता रहा है। सत्र 2023-24 में एनसीसी के तत्वावधान में निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित हुई।

- सितंबर 2023 में 17 सीटों के लिए प्रथम वर्ष की छात्राओं का एनसीसी में एनरोलमेंट किया गया।
- अक्टूबर 2023 में महाविद्यालय की चार कैडेट्स कुमारी मुस्कान, आरती, रितिका एवं सलोनी ने ए. एन. ओ. लेफ्टिनेंट सपना के साथ आर्मी अटैचमेंट कैंप में हिस्सा लिया। यह कैंप अंबाला कैंट में आयोजित किया गया था।



*आर्मी अटैचमेंट कैंप अम्बाला कैंट में ट्रेनिंग लेते हुए ।*

- 26 जनवरी 2024 को महाविद्यालय की कैडेट्स ने सांपला खंड स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में हिस्सा लिया तथा प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- एनसीसी कैडेट्स ने मार्च 2024 में "बी" एवं "सी" सर्टिफिकेट की परीक्षा दी। "बी" सर्टिफिकेट में हमारे महाविद्यालय की 19 व "सी" सर्टिफिकेट में 11 कैडेट्स ने भाग लिया।

इस वर्ष ए. एन. ओ. सपना को एनसीसी कैडेट्स को "सी" सर्टिफिकेट के आवंटन कार्य में बोर्ड मेंबर के तौर पर नियुक्त किया गया।

## प्लेसमेंट सेल

महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल प्रभारी मिस ममता की देखरेख में छात्राओं को व्यवसाय एवं व्यक्तिगत विकास के अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- 15 जनवरी से 20 जनवरी 2024 तक सभी संकायों की छात्राओं के लिए संचार कौशल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्री कृष्ण भारद्वाज, निदेशक हरियाणा एजुकेशन सोसाइटी और श्री मोनू नागर, मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी ने विस्तृत व्याख्यान दिया।

- एक्सिस बैंक ने एनआईआईटी के सहयोग से 29 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के तहत एक्सिस बैंक में सहायक प्रबंधक और उप प्रबंधक के लिए साक्षात्कार आयोजित किया।




*प्लेसमेंट सेल के तहत् साक्षात्कार में भाग लेती छात्राएँ ।*

- 31 जनवरी 2024 को पंडित एनआरएस गवर्नमेंट कॉलेज रोहतक द्वारा आयोजित जॉब फेयर में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीए इतिहास (ऑनर्स) के अंतिम वर्ष की 11 छात्राओं ने भाग लिया।

## आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ

**(आई.क्यू.ए.सी.)**

डॉ सुनील चौहान, प्रभारी आई.क्यू.ए.सी. की देखरेख में वर्षभर महाविद्यालय के कार्यो की गुणवता को बढ़ाने व प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओ के ए.पी.आई. स्कोर मूल्यांकन में इस प्रकोष्ठ ने सक्रिय भूमिका निभाई । आई.क्यू.ए.सी. कमेटी के सदस्य श्री सतीश कुमार, डॉ पदमा, डॉ अनिल कुमार, डॉ मीनाक्षी, डॉ रितु, मिस ममता व श्री कृष्ण कुमार के सहयोग से महाविद्यालय की सत्र 2022-2023 की ए.क्यू.ए.आर. (एनुअल क्वालिटी ऐसोरेंस रिपोर्ट) सफलतापूर्वक NAAC पोर्टल पर अपलोड की गई । अब तक महाविद्यालय द्वारा कुल दो एनुअल क्वालिटी ऐसोरेंस रिपोर्ट जमा की जा चुकी हैं ।



*AQAR रिपोर्ट सबमिट करते हुए प्राचार्या व IQAC कमेटी ।*

24 व 25 जनवरी, 2024 को महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत नुह जिले के छः महाविधालयों को इस महाविद्यालय ने मेंटर के रूप में कार्य करते हुए NAAC प्रक्रिया से रूबरू करवाया और आई.क्यू.ए.सी. कमेटी ने SSR भरने सम्बंधित सभी तथ्यों को प्रेजेंटेशन के द्वारा समझाया । महाविद्यालय की विभिन्न सेल्स द्वारा

आयोजित गतिविधियों का निरीक्षण आई.क्यू.ए.सी. ने समय-समय पर किया और उपयुक्त व जरुरी सुझाव भी दिए । स्टाफ सदस्यों का कार्यशाला, सेमिनार, ट्रेनिंग आदि में भागीदारी का ब्यौरा दर्ज किया । उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा मांगी गई Action Taken Report तैयार करके NAAC कार्यालय को भेजी गई ।

## एलुमनाई एसोसिएशन

महाविद्यालय में सन् 2020 से पंजीकृत एलुमनाई एसोसिएशन है जिसमें 11 फ़ाउंडिंग सदस्य हैं। एसोसिएशन की कार्यकारी समिति में डॉ मीनाक्षी, प्रेज़िडेंट; डॉ सविता, वॉइस प्रेज़िडेंट; डॉ इंदु बाला, सेक्रेटरी व ममता, ट्रेज़रर शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पूर्व और वर्तमान छात्राओं के बीच मध्यस्थता बनाये रखना है ताकि पूर्व छात्राओं के अनुभवों को अपनाकर वर्तमान में दाखिल छात्राएँ लाभान्वित हो सकें।



*एलुमनाई मीट में अपने अनुभव साँझा करती छात्रा*

एसोसिएशन लगभग प्रति वर्ष एलुमनाई मीट का आयोजन करती है जिसके माध्यम से महाविद्यालय पूर्व छात्राओं के सम्पर्क में रहता है। समय-समय पर एसोसिएशन मीटिंग भी करती है और उन बिंदुओं पर चर्चा करती है जिससे संस्था की उन्नति में सहयोग मिलता है। एसोसिएशन का यह भी प्रयास रहता है कि एलुमनाई ज़्यादा से ज़्यादा वित्तिय सहायता प्रदान करें जिससे महाविद्यालय का विकास हो सके। सत्र 2022-2023 से एलुमनाई से महाविद्यालय की वेबसाइट पर फ़ीडबैक फॉर्म भरवाया जाता है जिसकी रिपोर्ट का प्रयोग शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किया जाता है।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

प्रभारी श्रीमती मोनिका के नेतृत्व में महाविद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति ने वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया । महाविद्यालय द्वारा दिनांक 6-7 अक्टूबर को प्रतिभा खोज कार्यक्रम "उमंग" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सुभिता ढाका (एडीसी, सीईओ डीआरडीए) एवं बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ परमभूषण आर्य (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, सांपला) ने शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर मेकिंग, रंगोली, कविता-पाठ, हरियाणवी डांस, पंजाबी डांस, फैशन शो का आयोजन किया गया। 29, 30 व 31 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय की छात्राओं ने

जोनल यूथ फेस्टिवल "स्पंदन" में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसका आयोजन गोड ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक द्वारा किया गया। इसमें महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रश्मि ने "Declamation in Sanskrit" में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



4, 5 व 6 नवंबर को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 42वें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्रा रश्मि ने "Declamation in Sanskrit" में द्वितीय स्थान हासिल किया। 12 व 13 फरवरी 2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रम "नवरंग" का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखरे। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली, हरियाणवी डांस, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, पंजाबी डांस, फैंसी ड्रेस आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का छात्राओं को पुनः अवसर मिला। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को निशिचत राशि देकर हौंसला बढ़ाया गया।



*नवरंग कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखाती छात्राएं*

## विश्वविद्यालय आउटरीच सेल

यह सेल प्रभारी डॉ जगबीर के नेतृत्व में गोद लिए गाँव गढ़ी सांपला में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने में अहम् भूमिका निभा रही है। वर्ष 2023-2024 के दौरान इस सेल द्वारा निम्नांकित गतिविधियाँ करवाई गई।

- दिनांक 1-8 सितम्बर, 2023 के दौरान साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया

गया जिसके अंतर्गत महिला साक्षरता विषय पर संगोष्ठी, विधिक शिक्षा पर स्लोगन राइटिंग, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता, जागरूकता रैली आदि गतिविधियाँ करवाई गई।

- दिनांक 19-25 नवम्बर, 2023 के दौरान राष्ट्रीय साम्प्रदायिकता सद्भावना सप्ताह मनाया गया जिसके अंतर्गत निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व सांस्कृतिक गतिविधियों आदि का आयोजन किया गया।
- 15 दिसम्बर, 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला के सहयोग से गाँव खेडी सांपला में निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया।
- दिनांक 5 जनवरी, 2024 को मनिपाल अस्पताल, दिल्ली के सहयोग से महाविद्यालय में निशुल्क जाँच शिविर लगाया गया।
- महाविद्यालय की इस सेल के 10 ग्रीन स्वयंसेविकाओं ने एमडीयू, रोहतक के आउटरीच सेल द्वारा दिनांक 19 फ़रवरी, 2024 को “Sustainable lifestyle and environmental conservation” विषय पर आयोजित कार्यशाला/प्रोग्राम में भागीदारी की।

इसके अलावा खेडी सांपला के आस पास की झुग्गी-झोपड़ीयों में रहने वाले गरीब लोगों में गरम कपड़े व खाद्य सामग्री वितरित की गई।




*स्वास्थ्य जाँच शिविर में जाँच कराती छात्राएँ।*



*गरीबों में कपडे वितरित करते महाविद्यालय के प्राध्यापक।*

## महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए तीज महोत्सव पर मेहंदी व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा छात्राओं में स्किल डेवलपमेंट के तहत क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। दिनांक 29 जनवरी 2024 से 3 फ़रवरी 2024 तक छात्राओं को आत्मरक्षा का हुनर सिखाने के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के लिए महिला प्रकोष्ठ की ओर से आहुजा साउंड सिस्टम भी ख़रीदा गया। ये सभी गतिविधियां महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ रितु के दिशा निर्देशन में हुई।



*सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग में आत्मरक्षा के गुर सीखती छात्राएँ*

## SVEEP गतिविधियाँ

महाविद्यालय में इलेक्टोरल क्लब के तत्वाधान में वर्ष भर विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका ब्यौरा निम्नांकित है।

- नवंबर माह में खंड शिक्षा अधिकारी सांपला के द्वारा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कैंप लगाया गया जिसमें छात्राओं को वोटर आईडी कार्ड बनवाने हेतु जागरुक किया।
- दिनांक 18 नवंबर, 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पारितोषिक के रूप में खुशी को 25 जनवरी, 2024 को मतदाता दिवस पर डीसी रोहतक द्वारा ₹2500 नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- इलेक्टोरल क्लब के द्वारा 25 जनवरी, 2024 को मतदाता दिवस पर सभी स्टाफ सदस्यों व छात्राओं को 'Vote for Nation' की शपथ दिलाई गई। इस दौरान छात्राओं ने प्रधानमंत्री जी के लाइव प्रसारण को भी देखा।
- इलेक्टोरल क्लब के तत्वाधान में एनएसएस यूनिट के द्वारा 26 फरवरी

2024 को मतदाता जागरूकता के लिए एक रैली का आयोजन किया गया।

- दिनांक 3 अप्रैल, 2024 को इलेक्टोरल क्लब के द्वारा स्वीकृत गतिविधियों के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## स्पोर्ट्स

डॉ मांगेराम के नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं ने एमडीयू रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज रेसलिंग चैंपियनशिप में एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया।  नैंसी, बी. एस. सी. तृतीय वर्ष ने जूडो इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में भाग लेकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्रा साक्षी, बी.ए. प्रथम वर्ष ने एम.डी.यू. की फुटबॉल टीम में भाग लिया और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप में एम.डी.यू., रोहतक का प्रतिनिधित्व किया एवं एम.डी.यू. रोहतक द्वारा आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किए तथा ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुरुग्राम में दिनांक 28-31 मार्च, 2024 को आयोजित हरियाणा स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अर्जित किया। हिमांशी, हर्ष, बी.ए. तृतीय वर्ष व भारती, बी.ए. द्वितीय वर्ष ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एम.डी.यू., रोहतक का प्रतिनिधित्व किया। डॉ बी. आर. अंबेडकर राजकीय पी.जी. कॉलेज, कैथल में आयोजित हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में छात्राओं ने दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया। राजकीय महाविद्यालय, इसराना में आयोजित हरियाणा स्टेट रेसलिंग इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में सीमा, बी.ए. प्रथम वर्ष ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। महाविद्यालय की 23वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 1-2 फ़रवरी, 2024 को आयोजित की गई। इसमें मुस्कान, बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।



*हरियाणा स्टेट रेसलिंग इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में महाविद्यालय की छात्रा सिल्वर मेडल प्राप्त करते हुए।*



*एथलेटिक मीट 2023-24 के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व प्राचार्या डॉ इंदु रोहिल्ला।*

# महाविद्यालय की अन्य सेल

| क्रमांक | सेल | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | NAAC | प्रभारी: डॉ राम निवास<br>➢ दिनांक 23-24 जनवरी, 2024 को महाविद्यालय की IQAC के सहयोग से अलॉट किए गए कॉलेजों को NAAC प्रक्रिया समझाने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। |
| 2. | MENTOR | प्रभारी: डॉ राम निवास<br>➢ सभी प्राध्यापकों को 40-50 छात्राओं के रोल न. mentee के रूप में अलॉट किए गए हैं। प्रत्येक शनिवार को छात्राओं की समस्याओं के निदान हेतु Mentor-mentee कक्षाओं की व्यवस्था की गई है। |
| 3. | Youth Red Cross | प्रभारी: डॉ सुप्रिया ढुल<br>➢ महाविद्यालय प्रांगण में दिनांक 13-20 जुलाई, 2023 तक पौधारोपण कार्यक्रम के तहत YRC स्वयंसेविकाओं व अन्य स्टाफ सदस्यों ने पौधे लगाए।<br>➢ दिनांक 29 सितंबर, 2023 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।<br>➢ दिनांक 18 मार्च, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में YRC स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।<br>➢ दिनांक 20 मार्च, 2024 को महाविद्यालय प्रांगण में YRC स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता कैंप लगाया गया। |
| 4. | Red Ribbon Club | प्रभारी: डॉ प्रीति<br>➢ इस क्लब द्वारा "National Youth Day Campaign" के अंतर्गत एचआईवी एड्स और टी.बी. विषय पर 23 जनवरी, 2024 को डॉ सविता द्वारा जागरूकता व्याख्यान, 24 जनवरी, 2024 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा 25 जनवरी, 2024 को नेल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन रोहतक द्वारा विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। |

| क्रमांक | सेल | विवरण |
|---|---|---|
| 5. | Earn While You Learn Scheme | प्रभारी: श्रीमती अनीता<br>➢ इस योजना का उद्देश्य छात्राओं में स्वावलंबन की भावना को विकसित करना है। वर्ष 2023-24 के दौरान इस योजना के तहत 18 छात्राओं को लाइब्रेरी, कार्यालय, भूगोल, रसायन व भौतिक प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब आदि में कार्य दिया गया। |
| 6. | Traffic Interpretation Center | प्रभारी: श्रीमती अनीता<br>➢ महाविद्यालय के इस केंद्र द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान छात्राओं ने सांपला गांव में रैली निकालकर यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। |
| 7. | Legal Literacy Cell | प्रभारी: मिस ममता<br>➢ इस सेल द्वारा विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के सहयोग से 1-8 सितंबर, 2023 तक "Legal Literacy Week" का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ जैसे पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता शामिल थीं।<br>➢ गढ़ी सांपला में गांवों की महिलाओं के लिए विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ जागरूकता के लिए एक रैली भी निकली गई। |
| 8. | Passport Scheme | प्रभारी: श्रीमती अनीता<br>➢ हरियाणा सरकार ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु एक कल्याणकारी योजना पासपोर्ट स्कीम चलाई। इसके अंतर्गत यूजी/पीजी फाइनल ईयर के सभी छात्र-छात्राओं के मुफ्त में पासपोर्ट बनवाए गए ताकि उन्हें विदेशों में उच्च शिक्षा एवं नौकरी के सुअवसर प्राप्त हो सकें। सत्र 2022-23 में महाविद्यालय की 83 छात्राओं की पासपोर्ट चालान फीस भरी गई। |

# विभागीय गतिविधियाँ व उपलब्धियाँ

## अंग्रेजी विभाग

इस विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुनील चौहान की देखरेख में दिनांक 28 सितम्बर से 11 दिसम्बर 2023 के मध्य भारतीय भाषा महोत्सव मनाया गया। इस दौरान निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

| क्रमांक | प्रतियोगिता का नाम | आयोजक |
|---|---|---|
| 1 | इंटर कॉलेज प्रस्ताव लेखन | डॉ सुनील चौहान व डॉ प्रीतम श्योराण |
| 2 | भाषण | डॉ रेखा |
| 3 | कविता पाठ | डॉ रश्मि |
| 4 | पोस्टर व स्लोगन मेकिंग | डॉ पंकज |
| 5 | Folk Art Forms | डॉ रेखा |
| 6 | क्विज | डॉ रश्मि |

इस महोत्सव के अंत में सभी विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ सुषमा खुराना द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

## इतिहास विभाग

डॉ चंद्र शेखर व श्री राम निवास की अध्यक्षता में इस विभाग ने महाविद्यालय में वर्ष भर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में अहम् भूमिका निभाई।

- स्नातकोतर बैच 2022-2023 की छात्रा सोनम ने इतिहास विषय में यूजीसी-नेट (जेआरएफ) 2023 क्वालीफाई किया।
- स्नातकोतर बैच 2021-2022 की छात्रा रजनी ने इतिहास विषय में यूजीसी-नेट (जेआरएफ) 2023 क्वालीफाई किया और केंद्रीय विद्यालय संगठन में बतौर पीजीटी इतिहास ज्वाइन किया।

## भूगोल विभाग

विभागीय अध्यक्षा डॉ पदमा दलाल की देखरेख में इस विभाग ने वर्ष भर में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया।

- गणित व भौतिकी विभाग के साथ दिनांक 29 व 30 सितम्बर 2023 को चंद्रयान उत्सव के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, एक्सटेंशन लेक्चर, शोर्ट फिल्म व पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन आदि का आयोजन किया गया।
- दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को भूगोल विषय में इंटर क्लास क्विज करवाया गया।

- दिनांक 23-24 जनवरी 2024 के दौरान आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल भेजा गया।

## गणित विभाग

महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा चंद्रयान - 3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के उपलक्ष में दिनांक 29 व 30 सितंबर, 2023 को चंद्रयान उत्सव मनाया गया जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, एक्सटेंशन लेक्चरर, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, व लघु फिल्म आदि गतिविधियाँ करवाई गई। इस उत्सव में छात्राओं ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस आयोजन को सफल बनाने में भूगोल विभाग व भौतिक विभाग का भी सहयोग रहा।



*पॉवर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुति करती छात्रा ।*

दिनांक 14 मार्च, 2024 को महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत ब्रेनस्टॉर्मिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया एवं वीडियो क्लिप के माध्यम से छात्राओं को गणितज्ञ आर्किमिडीज व श्रीनिवासन रामानुजन के द्वारा दिए गए सिद्धांतों को दिखाया गया।




*अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस पर संबोधित करते प्राचार्या।*

दिनांक 15 मार्च, 2024 को गणित विभाग की छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के गणित विभाग द्वारा आयोजित "One day lecture series and Mathematics Exhibition NMD-2023" में पोस्टर मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया।

## हिंदी विभाग

**कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी विभाग द्वारा 14 सितम्बर, 2023 को करवाया गया। प्राचार्या डॉ इंदु रोहिल्ला ने हिंदी दिवस के उपलक्ष में हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**भारतीय भाषा दिवस के अंतर्गत गतिविधियाँ:**

- अक्टूबर 2023 में विभाग द्वारा हिंदी एवं हरियाणवी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय की छात्राओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को खुलकर दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ।
- दिनांक 9 नवम्बर, 2023 को विभाग द्वारा भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्राओं ने दीया सजावट, थैला, नृत्य, आभूषणों की बनावट, विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में- चूरमा, दाल, पराठा, चाऊमीन, चावल-छोले, खीर आदि बनाकर अपनी भारतीय भाषाओँ व संस्कृति को प्रदर्शित किया। प्राचार्या ने छात्राओं को इस तरह की गतिविधियों में आगे आने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप शिरकत रखने वाले नीलम धुन्ना, शोभागिल व सुषमा खुराना जी ने छात्राओं को पुरस्कृत किया।

**वाद-विवाद प्रतियोगिता:** 29 जनवरी, 2024 को विभाग द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर के रूप में "वाद-विवाद प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सगुण भक्ति, निर्गुण भक्ति, नारी चेतना, पुरुषवादी चिंतन आदि विषयों को लेकर तर्क-वितर्क किया गया।

**हिंदी एवं हरियाणवी कविता पाठ प्रतियोगिता:** 12 फरवरी, 2024 को विभाग द्वारा हिंदी एवं हरियाणवी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें लगभग 30 छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**आलेख प्रतियोगिता:** 18 मार्च, 2024 को आलेख प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने महंगाई, दहेज प्रथा, नारी, बेटी, हिम्मत, राजनीति, कॉलेज, किताब, हंसी, पुरुषवादी सोच आदि विषयों पर बढ़-चढ़कर भाग लिया।



*आलेख प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएँ।*

## रसायन विज्ञान विभाग

दिनांक 19-21 मार्च, 2024 के दौरान पोस्टर प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टर प्रदर्शनी व पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के मुख्य विषय हरित रसायन, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, जल संरक्षण, दैनिक जीवन में रसायन एवं मृदा स्वास्थ्य रहे।










# व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

## *इतिहास विभाग:*

**डॉ चंद्र शेखर**

- जोधपुर विश्वविद्यालय द्वारा 7-8 अक्टूबर, 2023 को आयोजित आर्कियोलॉजी और एपिग्राफ़ी कांग्रेस में भाग लिया एवं "Changing Images of A Rajasthani Folk Deity: An Exploration of the Architectural, Sculptural and Iconographic Representation of Ramdevji" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय, मोखरा द्वारा आयोजित इंटर डिस्सिप्लीनरी राष्ट्रीय सेमिनार "Rural Development: Ways and Means" में भाग लिया एवं "Haryana After the Great Revolt of 1857" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया और इसमें एक सेशन भी चेयर किया।
- "PURVADEVA: A Social Science, bilingual, international, peer-reviewed UGC-CARE listed research journal with ISSN No. 0974-1100" में "सूर्योपासना- निरंतरता एवं परिवर्तन की ऐतिहासिकता, समाज, संस्कृति और पर्यावरण (वैदिक काल से गुप्त काल तक)" विषय पर जनवरी-मार्च 2024 के अंक में volume 116 में शोध-पत्र प्रकाशित हुआ।

## *हिंदी विभाग:*

**डॉ सविता**

- राजकीय महाविद्यालय सांपला द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान दिनांक 26 फ़रवरी, 2024 को गढ़ी सांपला गाँव में "देश के विकास में युवाओं की भूमिका" विषय पर विस्तृत व्यख्यान दिया।
- स्वामी नितानंद वाणी प्रचार-प्रसार समिति जटेला धाम, माजरा (दुबलधन), झज्जर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनांक 17 मार्च, 2024 को "संत नितानंद की भाषिक भंगिमा" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ पूनम व डॉ यशवंती**

- महर्षि दयानंद विश्वविधालय, रोहतक के अंतर्गत संस्कृत, पालि एवं संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में दिनांक 5-6 मार्च, 2024 के दौरान "हिंदी साहित्य में महर्षि दयानंद सरस्वती का योगदान" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

## *भूगोल विभाग:*

**डॉ पदमा दलाल**

- जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 को "Soil Conservation in Indian Literature Thought" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "Green and Clean Environment: Initiative and Challenges" में दिनांक 20 जनवरी, 2024 को "Technology and Innovation in Indian Agriculture" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, पलवल द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में दिनांक 3 फरवरी, 2024 को " Organic Agriculture and Conservation of the Environment" विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

**डॉ सुप्रिया ढुल**

- इस सत्र के दौरान पंजाब विश्वविधालय से पीएचडी की डिग्री अर्जित की ।
- जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, न्यू दिल्ली द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 को "Traditional Indian Thoughts and Solutions for the Water Crisis" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "Green and Clean Environment: Initiative and Challenges" में दिनांक 20 जनवरी, 2024 को "Population Growth and Environmental Degradation" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, पलवल द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में दिनांक 3 फरवरी, 2024 को " Organic Farming: Path for Sustainable Ecosystem" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ रितु**

- जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 को "वैश्विक चुनोतियों को हल करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

- साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय, मोखरा, रोहतक द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनांक 10 जनवरी, 2024 को "भारतीय कृषि: मुद्दे और चुनौतियों" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में दिनांक 20 जनवरी, 2024 को "जनसँख्या वृद्धि और पर्यावरण निम्नीकरण" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, पलवल द्वारा आयोजित एकदिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार में दिनांक 3 फरवरी, 2024 को "जलवायु परिवर्तन और जैविक खेती: एक परस्पर" विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

**डॉ प्रीति**

- महर्षि दयानंद विश्वविधालय से दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को पीएचडी की डिग्री अर्जित की ।

**डॉ जगबीर**

- दिनांक 20 जनवरी, 2024 को भूगोल विभाग, राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक द्वारा "Green and Clean Environment: Initiative and Challenges" विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया और इसमें एक सेशन भी चेयर किया।
- दिनांक 19 फ़रवरी, 2024 को विश्वविधालय आउटरीच प्रोग्राम सेल, महर्षि दयानंद विश्वविधालय रोहतक द्वारा "Sustainable Lifestyle and Environmental Conservation" विषय आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

## *अंग्रेजी विभाग:*

**डॉ सुनील चौहान**

- दिनांक 6 मई, 2023 को पं नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविधालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर IQAC Coordinator भाग लिया।
- "Academic Bank of Credits: A Multi-Institutional Approach" विषय पर "Present Scenario of Indian Education" पुस्तक में एक अध्याय प्रकाशित किया।

**डॉ प्रीतम**

- राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "Green and Clean Environment: Initiative and Challenges" में दिनांक 20

जनवरी, 2024 को “Challenges of Health and Environment issue in India” विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

- जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, न्यू दिल्ली द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 को "Role of Rural Education in Women Empowerment" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।
- गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, पलवल द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में दिनांक 3 फरवरी, 2024 को "Organic Farming: a vision towards a healthy world" विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

## *कॉमर्स विभाग:*

**ममता**

- राजकीय महिला महाविद्यालय, मोखरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में दिनांक 10 जनवरी, 2024 को शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान दिनांक 13 जनवरी, 2024 को खेडी सांपला गाँव में विस्तृत व्याख्यान दिया।
- राजकीय महाविद्यालय, सांपला द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान दिनांक 26 जनवरी, 2024 को गढ़ी सांपला गाँव में विस्तृत व्याख्यान दिया।
- महर्षि दयानंद विश्वविधालय, रोहतक में पीएचडी कोर्स-वर्क के लिए पंजीकृत किया।

## *गणित विभाग:*

**सतीश कुमार**

- बाबा मस्तनाथ विश्वविधालय, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महाविद्यालय कालका द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- बाबा मस्तनाथ विश्वविधालय, रोहतक से पीएचडी कर रहे हैं।

**डॉ अनिल कुमार**

- दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 को महिला महाविद्यालय, झोझू कलां (चरखी दादरी) द्वारा आयोजित एक दिवसीय इंटर डिसिप्लिनरी राष्ट्रीय सेमिनार “Recent Development in

Mathematics & Sciences” में भाग लिया एवं “Approximation of Fixed Point for Chatterjea Contractions” विषय पर एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

- दिनांक 23 फ़रवरी, 2024 को पं नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में AISHE राज्य इकाई, उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला (हरियाणा) द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला-स्तरीय कार्यशाला “Data Capture Format, AISHE SURVEY YEAR 2022-2023” में भाग लिया।

**डॉ मीनाक्षी**

- दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 को महिला महाविद्यालय, झोझू कलां (चरखी दादरी) द्वारा आयोजित एक दिवसीय इंटर डिसिप्लिनरी राष्ट्रीय सेमिनार “Recent Development in Mathematics & Sciences” में भाग लिया एवं “Multiplication with the Sutras of Vedic Mathematics” विषय पर एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 23 फ़रवरी, 2024 को पं नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में AISHE राज्य इकाई, उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला (हरियाणा) द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला-स्तरीय कार्यशाला “Data Capture Format, AISHE SURVEY YEAR 2022-2023” में भाग लिया।

- *शारीरिक शिक्षा विभाग:*

**डॉ मांगे राम**

- दिनांक 22-23 फ़रवरी, 2024 को राजकीय पी.जी. कॉलेज, सेक्टर-1, पंचकूला द्वारा आयोजित “Physical Education and Multidisciplinary Science” विषय पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में शोध-पत्र प्रस्तुत किया जिसका विषय “Sports policy of Haryana and its impact” रहा।
- राजकीय पी.जी. महिला महाविद्यालय, रोहतक द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2024 को “Green and Clean Environment : Initiatives and Challenges” विषय पर आधारित एक दिवसीय मल्टीडिसीप्लीनरी राष्ट्रीय सेमिनार में एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

# विशेष उपलब्धियाँ




*एमडीयू रोहतक से महाविद्यालय की YRC को मिला उत्कृष्टता पुरस्कार।*



*महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ब्लाक स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड में प्रथम पुरस्कार लेते हुए।*




*महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका ज्योति को भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एनएसएस कार्यालय, एमडीयू रोहतक पुरस्कृत करते हुए।*




*एमडीयू रोहतक द्वारा आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 50, 52 और 54 किलोग्राम भार केटेगरी में तीन गोल्ड मेडल जीतने वाली महाविद्यालय की बॉक्सिंग टीम।*

# महाविद्यालय की आवश्यकताएँ

- सुव्यवस्थित ऑडिटोरियम का निर्माण ।
- लैंग्वेज लैब, कॉमर्स लैब, मैथ्स लैब, भूगोल लैब स्थापित करना ।
- प्रोफेशनल कोर्स BCA को शुरू करना ।
- स्पोर्ट्स जिम्नेजियम हॉल का निर्माण ।
- सेमिनार/कांफ्रेंस कक्ष का निर्माण ।

http://scrgcwsampla.ac.in | 01262263500 | gcwsampla@gmail.com